हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, बुधवार, 10 दिसंबर, 2025

12 रिटायर्ड कर्मचारी सरकार की पेंशनर्स...



11 जीवन में परिश्रम और अनुशासन ही सफलता...



## खबर संक्षेप

### कुएं से स्टार्टर व मीटर चोरी, दी शिकायत

**कनीना।** सर्दी बढ़ने के साथ ही क्षेत्र में चोरी की घटनाएं बढ़ने लगी हैं। जिसे लेकर नागरिकों ने रात्रि के समय पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है। वार्ड नम्बर एक निवासी सूबेदार रामचंद्र ने शहर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके कुएं से अज्ञात चोर ऑटोमेटिक मोटर स्टार्टर, एम्पीयर घड़ी, वॉल्टेज घड़ी, बिजली मीटर व अन्य सामान चोरी कर ले गए।

### दी खाद्यान्न व्यापार एसोसिएशन की बैठक

**नारनौल।** दी खाद्यान्न व्यापार एसोसिएशन की बैठक प्रधान रामजीलाल मित्तल की अध्यक्षता में मंडी कार्यालय में हुई। जिसमें सर्वप्रथम निर्णय लिया गया कि 13 दिसंबर को नवनियुक्त चेयरमैन व वाइस चेयरमैन के साथ नवनियुक्त सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह मंडी परिसर में किया जाएगा। जिसमें केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह व प्रदेश कैबिनेट मंत्री आरती राव मुख्य अतिथि होंगे।

### सीआईए ने जुआ खेलते तीन आरोपित पकड़े

**नारनौल।** ऑपरेशन हॉटस्पॉट डॉमिनेशन के तहत सीआईए ने आजाद चौक स्थित गणपति प्लाजा में एक जूस की दुकान की आड़ में चल रहे जुए के अड्डे का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि सीआईए टीम मेहता चौक पर गश्त पर थी, तभी उन्हें गुप्त सूचना मिली कि गणपति प्लाजा में पुरुषोत्तम नामक व्यक्ति अपनी जूस की दुकान के अंदर कुछ लोगों को बैठाकर जुआ खिलवा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी।

### नशा तस्कर 90 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार

**महेंद्रगढ़।** जिले में नशा तस्करों और अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए एसपी पूजा वशिष्ठ के दिशा-निर्देशानुसार चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन हॉटस्पॉट डॉमिनेशन के तहत थाना सदर पुलिस ने गांव निहालावास क्षेत्र से एक व्यक्ति को 90 ग्राम अवैध गांजा पत्ती के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

### नाबालिग लड़की को भगाने का आरोप

**नांगल चौधरी।** नांगल चौधरी थाना के अंतर्गत एक गांव में नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगाने का मामला सामने आया है। लड़की के पिता ने तीन युवाओं पर उसकी लड़की का अपहरण करने का आरोप लगाया है। जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में नाबालिग लड़की के पिता ने बताया कि सात दिसंबर दोपहर उसकी 16 वर्षीय बेटी को गांव का ही युवक सचिन कुमार उसको घर से अपने साथ ले गया।

### परीक्षाओं के दौरान केंद्र के पास धारा 163 लागू

**नारनौल।** जिलाधीश कैप्टन मनोज कुमार ने 13 दिसंबर को नवोदय विद्यालय समिति की ओर से जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होने वाली परीक्षाओं के शांतिपूर्ण संचालन के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत जिले के सभी परीक्षा केंद्रों के 500 मीटर के दायरे में किसी भी हथियार को ले जाने पर प्रतिबंध लगाया है।

### नांगल चौधरी सीएचसी में हड़ताल रही बेअसर

**नांगल चौधरी।** विभागीय चिकित्सकों की ओर से घोषित दो दिवसीय हड़ताल दूसरे दिन भी बेअसर रही। सीएचसी में मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने सेवाएं दी तथा मरीजों को इलाज मुहैया कराया गया। एसएमओ ने डेंटल डॉक्टरों को भी सामान्य ओपीडी करने की जिम्मेवारी सौंपी।

## जहां प्रशंसा की उम्मीद वहां मिला तिरस्कार: श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम और अवार्डी शिक्षकों की नई शिक्षक स्थानांतरण नीति में उपेक्षा

### नई नीति के तहत सर्वोच्च शिक्षकीय पुरस्कारों का मूल्यांकन किया शून्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

हरियाणा स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से हाल ही में जारी की गई शिक्षक स्थानांतरण नीति को लेकर शिक्षकों में व्यापक असंतोष उभर कर सामने आया है। नई पॉलिसी में सरकार ने अनुशासनात्मक कार्यवाही के मामलों में पेनल्टी के 10 अंक तक काटने का प्रावधान तो कर दिया, पर बेहतर परिणाम के लिए दिन रात एक करने वाले और राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर सम्मानित शिक्षकों को एक भी प्राथमिकता अंक न देकर शिक्षकों के मन में गहरी निराशा उत्पन्न कर दी है। स्थिति यह है कि जहां प्रशंसा की उम्मीद थी, वहीं तिरस्कार मिला, क्योंकि वर्षों की उत्कृष्ट सेवाओं, श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम और सर्वोच्च शिक्षकीय पुरस्कारों का मूल्यांकन नई पॉलिसी में शून्य कर दिया गया है।

**खास बातें**

- पूरे हरियाणा में करीब 250 राष्ट्रीय एवं राज्य शिक्षक पुरस्कार प्राप्त शिक्षक कार्यरत
- शिक्षकों की अनदेखी से शिक्षकों में छाई मायूसी

### शिक्षक पुरस्कार संघ की मांग, कम से कम पांच प्राथमिकता अंक दिए जाएं

**नई नीति बनने से पहले भी की थी मांग**

राष्ट्रीय एवं राज्य शिक्षक पुरस्कार संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा ने बताया कि शिक्षक संगठनों ने विभागीय अधिकारियों, शिक्षा मंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक लगातार आग्रह किया कि पूर्व की भांति पुरस्कृत शिक्षकों को कम से कम पांच प्राथमिकता अंक दिए जाएं। फरवरी में पॉलिसी बनने से पहले शिक्षा निदेशालय में सुझाव बैठक के दौरान भी यह मांग दोहराई गई थी लेकिन मुख्यमंत्री के आश्वासन के बावजूद नई ट्रांसफर पॉलिसी में इन शिक्षकों को कोई प्राथमिकता नहीं दी गई है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जब पॉलिसी पेनल्टी के आधार पर अंक काटने की सख्ती दिखा सकती है तो पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों को सम्मान देने के लिए अंक देना न्यायोचित और तार्किक था। यह अनदेखी न केवल निराशाजनक है बल्कि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों के हौसले को कमजोर करने वाली भी है।

**नई ट्रांसफर पॉलिसी के तीन प्रमुख विवादित बिंदु**

⏭ **श्रेष्ठ बोर्ड परीक्षा परिणाम पर शून्य अंक:** 10वीं व 12वीं बोर्ड कक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम देने वाले शिक्षकों को कोई लाभ नहीं दिया गया। शिक्षक संगठनों का कहना है कि यह उन शिक्षकों के मनोबल को ठेस पहुँचाने जैसा है जो लगातार मेहनत कर श्रेष्ठ परिणाम देते हैं।

⏭ **पेनल्टी पर अंक कटेंगे, पुरस्कार पर अंक नहीं:** नई पॉलिसी में पेनल्टी के मामलों में अधिकतम 10 अंक तक नकारात्मक कटौती का प्रावधान है, लेकिन राष्ट्रीय या राज्य पुरस्कार प्राप्त करने पर एक भी सकारात्मक अंक नहीं। यह संतुलनहीन और स्वाभाविक रूप से हास्यास्पद माना जा रहा है।

⏭ **कपल केस को विशेष अंक:** कपल केस में पुरुष या महिला—दोनों में से एक को पांच अंक देने का प्रावधान है, जिससे वे शिक्षक असंतोष जता रहे हैं जो कपल केस श्रेणी में नहीं आते। इसे अवसर–समानता के विरुद्ध बताया गया है। इसके अलावा अनुभव के अंक न देना और ब्लॉक में 15 वर्ष की अनिवार्य अवधि लागू करना भी शिक्षकों द्वारा अनुचित बताया गया है।

**शिक्षक संगठनों की मांग**

शिक्षक संगठनों ने सरकार से आग्रह किया है कि उपरोक्त सभी मुद्दों पर गंभीरता और सहानुभूति के साथ पुनर्विचार कर नई ट्रांसफर पॉलिसी में आवश्यक संशोधन किए जाएं। उनका कहना है कि सम्मानित शिक्षकों की उपेक्षा किसी भी स्वस्थ शिक्षा व्यवस्था के हित में नहीं है और ट्रांसफर प्रक्रिया शुरू करने से पहले इन त्रुटियों को दूर किया जाए।

**पुरस्कृत शिक्षकों की उपेक्षा और सम्मान पर प्रश्नचिह्न**

प्रदेश अध्यक्ष के अनुसार पूरे हरियाणा में लगभग 250 राष्ट्रीय एवं राज्य शिक्षक पुरस्कार प्राप्त शिक्षक कार्यरत हैं। पिछली ट्रांसफर पॉलिसी में इन्हें प्राथमिकता स्वरूप पांच अंक दिए जाते थे, पर नई पॉलिसी में इस प्रावधान को पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है। कई दौर की बैठकों, ज्ञापनों और सीधे मुख्यमंत्री से मुलाकात के बावजूद पुरस्कृत शिक्षकों को प्राथमिकता सूची से बाहर करना उनके सम्मान के साथ असंगत है। उन्होंने कहा "हम पुरस्कृत शिक्षक होने के नाते आंदोलन की राह पर नहीं गए, हमेशा शालीनता और विनम्रता से अपनी बात रखी, परंतु नई पॉलिसी में हमारी मांगों को नजरअंदाज कर दिया गया।


## कैंटर ने बच्ची को मारी थी टक्कर, हादसे के बाद ड्राइवर घायल को ले गया साथ

# 100 जवानों ने ठंड व अंधेरे में जंगल छान बरामद किया मासूम का शव

**हड़ताल के कारण मृतका का पोस्टमार्टम नारनौल अस्पताल में हुआ**

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

कैंटर की टक्कर से सात साल की बच्ची की मौत हो गई। हादसे के बाद ड्राइवर घायल अवस्था में बच्ची को अपने साथ ले गया। बाद में उसे गांव माधोगढ़ की पहाड़ियों में झाड़ियों के बीच फेंक दिया। बच्ची को खोजने के लिए करीब 100 पुलिस जवान व परिजन रातभर तलाश करते रहे। देर रात शव सड़क किनारे झाड़ियों में मिला और सुबह उसे पोस्टमॉर्टम के लिए महेंद्रगढ़ अस्पताल लाया गया। शव की बरामदगी के लिए एसपी के निर्देश पर एक व्यापक सर्च ऑपरेशन चलाया गया। शाम को कैंटर चालक को गिरफ्तार कर लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी ने तुरंत प्रभाव से थाना सदर महेंद्रगढ़, थाना सतनाली, थाना शहर महेंद्रगढ़ व सीआईए की संयुक्त टीमों का गठन किया। जांच में सामने आया कि आरोपित चालक ने एक्सीडेंट के बाद साक्ष्य मिटाने और शव को खुर्द-बुर्द करने की नीयत से बच्ची को माधोगढ़ चौकी से आगे जंगल में फेंक दिया था। करीब 100 पुलिसकर्मियों ने माधोगढ़ चौकी से आगे माधोगढ़–सतनाली रोड पर लगभग पांच किलोमीटर के दायरे में सघन तलाशी अभियान शुरू किया। कड़ाके की ठंड और रात के अंधेरे में पुलिस के जवान टॉर्च की रोशनी में चप्पा-चप्पा छानते रहे। यह कार्रवाई इसलिए भी बेहद महत्वपूर्ण थी, क्योंकि जंगल का क्षेत्र होने के कारण जंगली जानवरों द्वारा शव को नुकसान पहुंचाने की प्रबल आशंका थी। पुलिस की अथक मेहनत रंग लाई और रात करीब 11 बजे बच्ची का शव बरामद कर लिया गया। इसके साथ ही पुलिस ने तकनीकी जांच में भी तेजी दिखाई, सीसीटीवी कैमरों की गहन जांच से आरोपित के कैंटर का नंबर पता चला। इसके आधार पर पुलिस ने गाड़ी मालिक से संपर्क कर आरोपित चालक की पहचान की।





**महेंद्रगढ़।** रात के अंधेरे में टार्च लेकर तलाश करती पुलिस व पुलिस गिरफ्त में कैंटर चालक संदीप। *फोटो: हरिभूमि*

**कैंटर चालक गिरफ्तार**

बच्ची का शव माधोगढ़ चौकी से थोड़ी आगे सड़क किनारे एक गड्ढे में मिला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल पहुंचाया। महेंद्रगढ़ नागरिक अस्पताल के चिकित्सक हड़ताल पर होने के चलते बच्ची के शव को नारनौल भेज दिया गया। जहां बच्ची के शव का पोस्टमॉर्टम हुआ। इस मामले में पुलिस ने देर शाम कैंटर चालक संदीप वासी मुकलाना थाना आजादनगर हिसार को गिरफ्तार कर लिया है।



मृतक बच्ची का फाइल फोटो।

**यह है पूरा मामला**

सोमवार शाम को महेंद्रगढ़–सतनाली रोड पर गांव बचीनी की रहने वाली सात साल की बच्ची चांदनी लस्सी लेने गई थी। सड़क पार करते समय वह कैंटर की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद ड्राइवर उसे कैंटर में अस्पताल ले जाने के लिए निकला, लेकिन रास्ते में बच्ची की मौत हो गई। इसके बाद वह शव को सड़क किनारे फेंककर फरार हो गया। चांदनी अपने माता-पिता की इकलौती संतान थी। उसके पिता राजेंद्र उत्तर प्रदेश के बांदा जिले के सेमरिया कौशल गांव के रहने वाले हैं और फ्रेंड ईंट भट्ठा पर मजदूरी करते हैं। बच्ची के पिता राजेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सोमवार को उनकी बेटी चांदनी गांव बचानी से लस्सी लेकर ईंट भट्ठे पर वापस आ रही थी। इसी दौरान गांव रामबास की तरफ से तेज रफ्तार और लापरवाही से आ रहे एक कैंटर ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। टक्कर मारने के बाद कैंटर ड्राइवर ने बच्ची को अपने वाहन में बैठाया और ले गया। राजेंद्र ने पीछे से आवाज लगाई, लेकिन ड्राइवर ने गाड़ी नहीं रोकी। इसके बाद राजेंद्र अपने भट्ठे के मुनीम विनोद के साथ महेंद्रगढ़ पहुंचे और अस्पतालों में बच्ची की तलाश की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। इसके बाद उन्होंने इस बारे में पुलिस में सूचना दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस बच्ची के शव को तलाशने में जुट गई। पुलिस ने आसपास के गांवों में लगे कई सीसीटीवी कैमरे छाने।



**नांगल चौधरी।** शिक्षा की सवामणी में प्रसाद वितरित करते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी सुनीता यादव। *फोटो: हरिभूमि*

### शिक्षा की सवामणी प्रकल्प का आयोजन

## शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए बच्चों को दी सामग्री

- प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट सवामणी अभियान में 2 हज़ार से अधिक बच्चों को बांट चुका है लेखन सामग्री का प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नांगल चौधरी

गांव मोहनपुर स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट के तत्वावधान एवं संस्थापक सदस्य एवम शिक्षक मुकेश दहिया के सौजन्य से "शिक्षा की सवामणी" प्रकल्प का आयोजन किया गया। विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ संजय शर्मा एवं ट्रस्टी डॉ जितेन्द्र भारद्वाज ने बताया कि ट्रस्ट का यह प्रकल्प शिक्षा को समर्पित एक अद्वितीय सामाजिक पहल है, जिसके माध्यम से किसी शुभ अवसर पर अध्ययन सामग्री को 'सवामणी प्रसाद' रूप में वितरित कर शिक्षा के प्रति श्रद्धा, जिम्मेदारी और सहभागिता का संदेश दिया जाता है। शिक्षा की सवामणी में मोहनपुर और ढाणी बन्दा वाली के विद्यार्थियों को सवामणी के प्रसाद में शिक्षण सामग्री प्रदान की गई।

**कार्यक्रम को सराहा**

इस अनूठे सवामणी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी सुनीता यादव ने उपस्थित रहकर प्रकल्प की सराहना उन्होंने कहा कि जब समाज और शिक्षक मिलकर शिक्षा को उत्सव की तरह मनाते हैं, तो विद्यालय केवल पढ़ने की जगह नहीं रह जाता, बल्कि जीवन मूल्यों का केंद्र बन जाता है। नरेश कुमार शिक्षक ने इस प्रकल्प को अनूठा और अनुपम बताया। डॉ जितेन्द्र भारद्वाज ने कहा कि सवामणी प्रसाद के रूप में बच्चों को आवश्यक अध्ययन सामग्री प्रदान की गई, परंतु कार्यक्रम का असली आकर्षण वह भावना रही जिसने शिक्षा को 'दान' नहीं बल्कि 'परम कर्तव्य' के रूप में स्थापित किया।

## विकास कार्यों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

अर्थ एवं सांख्यिकीय कार्य विभाग पंचकूला के उपनिदेशक महेन्द्र सिंह ने मंगलवार को जिला योजना स्कीम के तहत क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने नगर परिषद, खण्ड नारनौल व खण्ड सिहमा की ग्राम पंचायतों में प्रगतिशील कार्यों की गुणवत्ता व स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान संबंधित खण्ड के कनिष्ठ अभियन्ता, ग्राम पंचायत के सरपंच व योजना अधिकारी शीलक राम मौजूद रहे।



**नारनौल।** विकास कार्यों का निरीक्षण करते उपनिदेशक महेन्द्र सिंह।

**अफसरों का दिए निर्देश**

सिंह ने कार्यकारी एजेंसियों को सख्त निर्देश दिए कि यदि कोई भी कार्य तय मापदंडों के अनुसार नहीं पाया गया तो संबंधित अधिकारी, कर्मचारी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने संतोष व्यक्त करते हुए बताया कि निरीक्षण किए गए विकास कार्यों की गुणवत्ता तथा कार्य की स्थिति फिलहाल संतोषजनक पाई गई। उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों को यह भी निर्देश दिए कि कार्यस्थल पर साईन बोर्ड लगाकर उस पर स्कीम का नाम अवश्य अंकित करें तथा सभी विकास कार्यों को समय पर पूरा किया जाए।

## हड़ताल जारी, सरकार ने एस्मा किया लागू

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

एसएमओ की सीधी भर्ती के विरोध में रेगुलर डाक्टरों की हड़ताल दूसरे दिन भी निरंतर जारी रही। दूसरे दिन भी नागरिक अस्पताल एवं अन्य पीएचसी व सीएचसी में कोरियावास मेडिकल कॉलेज के डाक्टरों की ड्यूटी लगा देने से इसका कोई ज्यादा असर दिखाई नहीं दिया। अस्पताल आए मरीजों को उपचार प्रदान किया गया। हालांकि दूसरे दिन हड़ताल की वजह से कम मरीज पहुंचे।





**नारनौल।** काउंटर पर खड़े मरीज व मरीज को परामर्श देते चिकित्सक।

**सरकार ने किया एस्मा लागू:** हरियाणा सरकार ने हड़ताल को देखते हुए प्रदेश में एस्मा लागू कर दिया है। जारी पत्र में राज्यपाल के हवाले से उल्लेख किया गया है कि आवश्यक चिकित्सा सेवाओं की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग हरियाणा के चिकित्सकों और अन्य श्रेणियों के अमले द्वारा की जाने वाली किसी भी हड़ताल पर रोक लगाना जनहित में आवश्यक है। इस आदेश के आधिकारिक राजपत्र में प्रकाशन तिथि से छह मास की अवधि के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधीन कार्य करने वाले चिकित्सकों और किसी भी अन्य श्रेणी के अमले द्वारा किसी भी हड़ताल को प्रतिबंधित कर दिया गया है।

**बोले जिला प्रधान**

हरियाणा सिविल मेडिकल एसोसिएशन के जिला प्रधान डा. विवेक शर्मा ने बताया कि मांगें नहीं माने जाने तक हड़ताल को अनिश्चितकालीन में तब्दील कर दिया है। सभी रेगुलर डाक्टर इस हड़ताल में भाग लेकर इसे सफल बना रहे हैं। जिले में मेडिकल कॉलेज के स्टूडेंट्स का ड्यूटी देकर मरीजों से धोखा किया जा रहा है। सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं से लोगों का अब भरोसा उठता जा रहा है।

### अंडरपास बनाने के लिए केंद्र सरकार ने सहमति प्रदान की, लोगों को मिलेगी परेशानियों से राहत

# गहली व दताल में बनेंगे अंडरपास, कई गांवों को जलभराव की समस्या से मिलेगी निजात

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग नम्बर 148-बी एवं 11 में निर्माण के समय हुई कुछ त्रुटियों के सुधार करने के लिए कुछ महत्वपूर्ण निर्णय किए। यह जानकारी देते हुए पूर्व सिंचाई मंत्री डॉक्टर अभय सिंह यादव ने बताया कि नांगल चौधरी हल्के के चार गांवों में राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण के उपरांत ग्राम वासियों को आने जाने में असुविधा हो रही है। इनमें मुख्य रुप से गहली, हमीदपुर, नांगल कालिया एवं दताल गांव शामिल हैं। इन गांवों में कृषि भूमि एवं अन्य महत्वपूर्ण जन उपयोगी सुविधाओं के रोड के दूसरी ओर स्थित होने के कारण लोगों को सड़क पार करने में असुविधा हो रही है। इन सभी गांवों में अंडरपास के प्रावधान के लिए पिछले काफ़ी समय से वह राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एवं भूतल परिवहन मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के संपर्क में थे तथा केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से भी उन्होंने व्यक्तिगत रूप से भी मुलाक़ात की। इन चारों ही गांवों का मौक़ा निरीक्षण और तकनीकी पहलुओं पर विचार करने के उपरांत गहली और दताल गांवों के अंडरपास बनाने के लिए केंद्र सरकार ने सहमति प्रदान कर दी है।



डॉ अभय सिंह यादव।

**अंडरपास बनने से कई गांवों को होगा लाभ**

गहली के पास अंडरपास बनने उपरांत रोड के दोनों तरफ़ स्थित कई दर्जन गांवों के लोगों का आपसी संपर्क सुगम होगा। वहीं दक्षिण दिशा में जाने वाला रोड भी राजस्थान और हरियाणा के कई गांवों को जोड़ता है। इसी तरह से दताल गांव की कृषि भूमि सड़क के दूसरी पार होने के कारण किसानों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। दताल गांव से आगे पीडब्ल्यूडी मार्ग द्वारा राजस्थान और हरियाणा के कई दर्जन गांव आपस में जुड़े हुए हैं। दोनों ही अंडरपास क्षेत्र की जनता के लिए बहूत सुविधाजनक होंगे।


**अंडरपास में जल निकासी की होगी सुविधा**

इसी प्रकार से गोद बलाहा, बुढवाल एवं नांगल नूनियां गांवों में अंडरपास के नीचे काफ़ी मात्रा में पानी भरा रहता है, जिसके कारण विशेषकर बरसात के मौसम में लोगों के आवागमन में असुविधा होती है। इन तीनों ही गांवों के अंडर पास में जल निकासी की सुविधा प्रदान की जाएगी तथा इनको जन उपयोगी बनाया जाएगा।

## सूबेदार मेजर रामकिशन की शोक सभा में पहुंचे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष



**मंडी अटेली।** बिहाली के सुमेर सिंह प्रधान के बड़े भाई सूबेदार मेजर रामकिशन यादव का शनिवार को 81 वर्ष की आयु में छह दिसंबर को निधन हो गया था। मंगलवार को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने शोक सभा में पहुंचकर संवेदना व्यक्त की। प्रदेश अध्यक्ष ने शोकाकुल परिवार को सांत्वना देते हुए बताया कि सूबेदार रामकिशन यादव हमेशा अमर रहेंगे। प्रदेश अध्यक्ष ने उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित करके उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। शोक सभा में कांग्रेस जिला प्रधान सत्यवीर झूकिया, कांग्रेसी नेता महेंद्र सिंह राता, मनोज प्रधान, राजेंद्र, नरेश नांगली, दलीप सिंह चेयरमैन, सूरत सिंह, डॉ. प्रवीन यादव, राजेश यादव, बलवंत सिंह, धीरज सरपंच तोबड़ा आदि रहे।



# बॉर्डर 2 से सामने आया अहान का दमदार पोस्टर

**मुंबई।** देशभक्ति पर आधारित 'बॉर्डर 2' का पिछले काफी समय से फैंस को इंतजार है। सनी देओल, दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी, वरुण धवन स्टारर इस फिल्म से अब अभिनेता अहान शेट्टी का पोस्टर सामने आ गया है। अहान ने पोस्टर शेयर करते हुए लिखा है- 'धरती हो या समंदर। धरती मां का हर बेटा ही कसम निभाता है।' बॉर्डर 2 सिनेमाघरों में 23 जनवरी 2026 को आ रही है। पोस्टर में अहान शेट्टी का दमदार लुक नजर आ रहा है। चेहरे पर उभरे चोट के निशान, गाल पर खून की धार और आंखों में झलकती दृढ़ता उनकी भूमिका को बेहद प्रभावशाली बना रही है।

## लाइफ Style

# सारा
## यह सफर आशीर्वाद से कम नहीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री सारा अर्जुन ने रणवीर सिंह के साथ फिल्म 'धुरंधर' में बतौर लीड एक्ट्रेस डेब्यू किया है। उनके अभिनय की काफी तारीफ हो रही है। फिल्म में उन्होंने यमाली (राकेश बेदी) की बेटी एलीना का किरदार अदा किया है। उनके अभिनय और खूबसूरती ने दर्शकों को काफी प्रभावित किया है।

सारा ने फिल्म में काम करने का श्रेय कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा को देते हुए उनका शुक्रिया अदा किया है। सारा अर्जुन ने मंगलवार को इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने मुकेश छाबड़ा के साथ अपनी एक फोटो शेयर करते हुए एक लंबा नोट लिखा है। वे लिखती हैं, 'यह पोस्ट उस शख्स के लिए, जिसने मेरी जिंदगी का रास्ता बदल दिया। मेरे प्यारे मुकेश सर, कभी-कभी जिंदगी धीरे से पिता के साथ-साथ आपके रास्ते में एक और गाइड करने वाली मौजूदगी लाती है। कोई ऐसा जिसका विश्वास आपकी अपनी जड़ों की जगह नहीं लेता, बल्कि चुपचाप उन्हें मजबूत करता है। मेरे लिए, वह मौजूदगी आप हैं। आपने दुनिया को पता चलने से पहले ही मुझ पर इतना यकीन किया। चुपचाप किए गए आपके उस यकीन ने सब कुछ बदल दिया'। सारा ने आगे लिखा है, 'हर बार जब 'धुरंधर' की कास्टिंग की तारीफ होती है, तो मुझे बहुत गर्व होता है, क्योंकि आपकी समझ, आपके विजन और आपके दिल ने उस जादू को बनाया। मुझमें एलीना को देखने के लिए धन्यवाद। उन पलों में मेरी हिम्मत बनाए रखने के लिए धन्यवाद, जिनका नाम मुझे कभी नहीं लेना पड़ा। विज्ञापन से लेकर 'धुरंधर' तक, यह सफर किसी आशीर्वाद से कम नहीं लगता'।



## हॉलीवुड मसाला



# विलेन के रोल में किया कमाल

**नई दिल्ली।** किसी भी फिल्म में एक हीरो से ज्यादा उसका विलेन का किरदार दमदार चुना जाता है। आजकल की फिल्में तो विलेन से ही हिट हो रही हैं। यही वजह है कि अब हीरो भी विलेन बनने से नहीं कतरा रहे हैं। अगर थोड़ा हॉलीवुड में झांके तो एक नाम है एक्टर डेविड प्राउज का, जो कि एक ब्रिटिश एक्टर हैं। जिस फिल्म में भी इन्होंने काम किया है, बहुत कमाल किया है। एक फिल्म में तो उनके कैरेक्टर ने करिश्मा ही कर दिखाया था। पूरी फिल्म में इनका चेहरा सामने नहीं आया और ना ही उनकी आवाज सुनने को मिली, लेकिन उनके इस विलेन रोल ने 'डार्थ वाडर' को यादगार बना दिया।



# बेटी के हाथों बने स्केच को देख हुई भावुक...

**लॉस एंजिल्स।** दुनियाभर में अपनी पहचान बना चुकीं प्रियंका चोपड़ा जोनस ना सिर्फ प्रोफेशनल लाइफ में बल्कि पर्सनल लाइफ में काफी सुर्खियां बटोरती हैं। प्रियंका ने मालती द्वारा बनाया हुआ एक स्केच फैंस के साथ साझा किया। साथ ही प्रियंका ने बताया कि वो स्केच को देखकर काफी भावुक हो गईं। प्रियंका ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर यह स्केच शेयर किया। तस्वीर में मालती अपने नन्हे हाथों से बना एक स्केच पकड़े नजर आ रही है, जिसमें एक महिला अपने बच्चे को बाहों में थामे दिख रही है। इस स्केच के साथ कैप्शन में प्रियंका ने लिखा- मां ने तुम्हे पकड़ा हुआ है। इसी के साथ ही देसी गर्ल ने इमोशनल इमोजी भी बनाया। प्रियंका और निक जोनस हमेशा अपनी बेटी को अमेरिकी और भारतीय दोनों संस्कृतियों का अनुभव कराते रहते हैं।



# वी. शांताराम में जयश्री का निभाएंगी किरदार

**मुंबई।** फिल्ममेकर वी. शांताराम की बायोपिक फिल्म से अब सिद्धांत चतुर्वेदी के बाद फिल्म की अभिनेत्री तमन्ना भाटिया की भी पहली झलक सामने आई है। मेकर्स ने तमन्ना भाटिया का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी किया है। फिल्म में तमन्ना जयश्री का किरदार निभा रही हैं। पोस्टर में तमन्ना का विंटेज लुक देखने को मिल रहा है। इस पोस्टर में तमन्ना बेबी पिंक कलर की साड़ी में नजर आ रही हैं। उनके पीछे बैकग्राउंड में हरा पर्दा और घास नजर आ रही है, जो संभवतः किसी फिल्म का सेट मालूम पड़ता है। इससे पहले फिल्म से सिद्धांत चतुर्वेदी का लुक सामने आया था। सिद्धांत फिल्म में वी. शांताराम का किरदार निभा रहे हैं। उनके पोस्टर को जारी करते हुए मेकर्स ने लिखा था, 'भारतीय सिनेमा को नया रूप देने वाला रिबेल अब वहीं लौट आया है, जहां उसे होना चाहिए था - बड़े पर्दे पर।'



# वध-2 के पोस्टर में छाए नीना-संजय

**मुंबई।** संजय मिश्रा और नीना गुप्ता एक बार फिर वध 2 के साथ लौट रहे हैं, जिसे जसपाल सिंह संधू ने लिखा और निर्देशित किया है। साल 2026 की सबसे चर्चित फिल्मों में तेजी से जगह बना रही है. लव रंजन और अंकुर गर्ग की लव फिल्म्स के बैनर तले बनी यह स्पिरिचुअल सीक्वल, वध की आत्मा को बरकरार रखते हुए एक नई कहानी में इन दिग्गज कलाकारों को नए किरदारों में पेश करती है। पोस्टर शेयर करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा, 'कभी-कभी जो दिखता है, वही पूरी सच्चाई नहीं होता! वध 2 सिनेमाघरों में 6 फरवरी 2026 से। दमदार लीड जोड़ी को दर्शाते इन आकर्षक पोस्टर्स ने दर्शकों को एक प्रभावशाली सिनेमाई अनुभव का अहसास पहले से ही करा दिया है। यह भी दिलचस्प है कि नए पोस्टर्स 9 दिसंबर 2025 को ही रिलीज़ किए गए।

## टीवी मसाला



# बाबूजी से ऊंची आवाज में पूछा सवाल, तकिए के नीचे मिला जवाब

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन और उनके पिता हरिवंश राय बच्चन का रिश्ता बेहद गहरा, सम्मानपूर्ण और अनोखा था। पिता के किस्सों में अक्सर उन्होंने ये बताने की कोशिश की कि वह कितने सख्त और अनुशासनप्रिय थे, लेकिन प्यार भी उतना ही बेइंतहा था। अमिताभ उन्हें 'बाबूजी'कहकर पुकारते थे और उनकी हर बात को अंतिम मानते थे। 'कौन बनेगा करोड़पति'के सेट पर अमिताभ बच्चन ने हाल ही में पिता से जुड़ा एक ऐसा पुराना किस्सा सुनाया कि पूरा स्टूडियो हंसते-हंसते लोटपोट हो गया। मेगा स्टार ने खुलासा किया कि जिंदगी में सिर्फ एक बार उन्होंने अपने पिता, महान कवि हरिवंश राय बच्चन से ऊंची आवाज उठाई थी और पूछ डाला था 'हमें आपने पैदा क्यों किया?''कौन बनेगा करोड़पति' के सेट पर मेहमान आमिर खान के सामने उन्होंने जिंदगी के उस एकमात्र पल को याद किया, जब उन्होंने अपने पिता के सामने आवाज उठाई थी। अमिताभ ने बताया कि वो दिन कॉलेज के शुरुआती थे। बोर्डिंग स्कूल की सख्त जिंदगी के बाद अचानक आजादी मिली थी। दुनिया बहुत जटिल लगने लगी थी। घर लौटकर एक शाम गुस्से में उन्होंने बाबूजी से ये सवाल दाग दिया। अमिताभ बच्चन ने बताया कि ये सवाल सुनने के बाद हरिवंश राय बच्चन उस वक्त कुछ नहीं कहा, न कोई गुस्सा, न डांट, बिल्कुल खामोश और रोज की तरह सुबह 4-5 बजे अपनी रोज की सैर पर निकल गए। जब अमिताभ सुबह उठे तो तकिए के नीचे एक तह किया हुआ कागज मिला। उस पर पिता ने पूरी कविता लिखी थी। उस कवीता का शीर्षक था 'नई लीख। बिग बी ने उस कविता का एक अंश उन्होंने पढ़कर सुनाया- 'जिंदगी और जमाने की कशमकश से घबराकर, मेरे लड़के मुझसे पूछते हैं, हमें पैदा क्यों किया था? तुम ही नई लीख धरना, अपने बेटों से पूछकर उन्हें पैदा करना।'

## एक टीवी शो से चमक गई किस्मत



**नई दिल्ली।** हसीना छोटी उम्र से परफॉर्मर हैं। एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में उनकी शानदार स्क्रीन प्रजेंस के साथ उनकी तरक्की वाकई काबिल-ए-तारीफ है। हम बात कर रहे हैं सुमोना चक्रवर्ती की, जिन्होंने 'द कपिल शर्मा शो' में अपनी आइकॉनिक मौजूदगी से करोड़ों दिल जीते। सुमोना ने 11 साल की उम्र में आमिर खान और मनीषा कोइराला की 'मन' में चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर एक्टिंग की शुरुआत की थी। सुमोना ने कुछ साल बाद कई शोज में काम किया और 2011 में हिट सीरीज 'बड़े अच्छे लगते हैं' से उन्हें बड़ी पहचान मिली। टीवी के अलावा सुमोना ने 'बर्फी!' और 'किक' जैसी फिल्मों में भी कैमियो किया, जिसमें उन्होंने छोटे रोल में भी अपनी रेंज दिखाई। सुमोना का सबसे यादगार किरदार कपिल शर्मा की ऑन-स्क्रीन पार्टनर के रूप में है, जिसमें उन्होंने अपनी तेज-तर्रार हाजिरजवाबी और मजेदार जवाबों से सबका दिल जीत लिया।

# एक-दूसरे की आंखों में खोए शबाना और जावेद

**मुंबई।** अभिनेत्री शबाना आजमी और दिग्गज गीतकार जावेद अख्तर बॉलीवुड की एक ऐसी जोड़ी हैं, जो उम्र के इस पड़ाव पर भी एक-दूसरे पर प्यार लुटाने का कोई मौका नहीं छोड़ते। दोनों की शादी को 41 साल हो गए हैं। मंगलवार को कपल अपनी शादी की 41वीं सालगिरह मनाया। इस मौके पर शबाना आजमी ने जावेद अख्तर के साथ एक खूबसूरत तस्वीर साझा की है। इस तस्वीर में कपल एक-दूसरे की आंखों में खोए नजर आ रहे हैं। तस्वीर को शेयर करते हुए शबाना आजमी ने कैप्शन में लिखा है, '41 साल की शादी के बाद एक-दूसरे को इतनी कोमलता से देख पाना ही सब कुछ कह देता है। हैप्पी एनिवर्सरी जादू।' दोनों की ये तस्वीर फैंस को काफी पसंद आ रही है। शबाना आजमी और जावेद अख्तर की इस तस्वीर पर एक ओर जहां फैंस अपना प्यार लुटा रहे हैं। वहीं, दूसरी ओर कई सेलेब्स भी इस पर कमेंट करके कपल को शादी की सालगिरह की शुभकामनाएं दे रहे हैं।



अभिनेत्री विद्या बालन ने जहां कमेंट कर, 'सालगिरह मुबारक हो' लिखा। वहीं, अभिनेता अनिल कपूर ने तीन रेड हार्ट इमोजी बनाए हैं। इसके अलावा उर्मिला मातोंडकर, दीया मिर्जा, सोनी राजदान, संध्या मृदुल, अभय देओल और मियांग चैंग ने भी कपल की इस खूबसूरत तस्वीर पर प्यार लुटाया है। वर्कफ्रंट की बात करें तो शबाना आजमी अभी भी फिल्मों में एक्टिव हैं। अभिनेत्री आखिरी बार इसी साल रिलीज हुई वेब सीरीज 'डब्बा कार्टेल' में नजर आई थीं। यह सीरीज महिलाओं के ऐसे समूह पर आधारित थी, जो खाने के डब्बों में रखकर ड्रग सप्लाई करती हैं। सीरीज को दर्शकों और क्रिटिक्स की अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी।

# 83वें गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड की नॉमिनेशन लिस्ट जारी

**मुंबई।** अगले साल की शुरुआत में गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स का शानदार इवेंट होने वाला है। 11 जनवरी को यह अवॉर्ड अलग-अलग कैटेगरी में दिए जाएंगे। इस अवॉर्ड इवेंट को कॉमेडियन निक्की ग्लेसर होस्ट करेंगी। वह लगातार दूसरे साल इस अवॉर्ड फंक्शन को होस्ट कर रही हैं। 8 दिसंबर को गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड की नॉमिनेशन लिस्ट जारी की गई है।

### अलग-अलग कैटेगरी में हुआ फिल्मों का नॉमिनेशन

बेस्ट मोशन पिक्चर-ड्रामा कैटेगरी में फ्रैंकनस्टाइन, हैमनेट, इट वाज जस्ट एन एक्सीडेंट, द सीक्रेट एजेंट, सेंटिमेंटल वैल्यू, सिनर्स जैसी फिल्में शामिल हैं। वहीं बेस्ट मोशन पिक्चर, म्यूजिकल और कॉमेडी कैटेगरी में ब्लू मून, बुगोनिया, मार्टी सुप्रीम, नो अदर चॉइस, नोवेल वेग और वन बैटल आफ्टर अनदर शामिल रहीं।

### कॉमेडी कैटेगरी

इसी तरह मोशन पिक्चर की म्यूजिकल और कॉमेडी कैटेगरी में बेस्ट एक्ट्रेस के तौर पर रोज बर्न का



नॉमिनेशन हुआ, उन्होंने फिल्म 'इफ आई हेड लेग्स आई किक यू' में दमदार अभिनय किया है। इसी कैटेगरी में विकेडः फॉर गुड के लिए सिंथिया एरिवो, सॉन्ग संग ब्लू के लिए केट हडसन, वन बैटल आफ्टर अनदर के लिए चेस इनफिनिटी, द टेस्टामेंट ऑफ एन ली के लिए अमांडा सेफ्राइड और बुगोनिया के लिए एमा स्टोन का नाम शामिल है। वहीं, म्यूजिकल और कॉमेडी मोशन पिक्चर केटेगरी में ही बेस्ट एक्टर के तौर पर कई लोगों के शामिल हुए हैं। मार्टी सुप्रीम के लिए टिमोथी चालमेट, जैक केली के लिए जॉर्ज क्लूनी, वन बैटल आफ्टर अनदर के लिए लियोनार्डो डिकैप्रियो, ब्लू मून के लिए इथन हॉक, नो अदर चॉइस के लिए ली ब्युंग-हुन, बुगोनिया के लिए जेसी प्लेमन्स को नॉमिनेट किया गया है।

### इन डायरेक्टर्स-एक्टर का लिस्ट में शामिल हुआ नाम

83वें गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड की नॉमिनेशन लिस्ट में बेस्ट डायरेक्टर के तौर पर कई निर्देशकों के नाम शामिल हुए हैं। फिल्म वन बैटल आफ्टर अनदर के लिए पॉल थॉमस एंडरसन, सिनर्स के लिए रयान कूगलर, फ्रैंकनस्टाइन के लिए गुइलेर्मो डेल टोरो, इट वाज जस्ट एन एक्सीडेंट के लिए जाफर पनाही, सेंटिमेंटल वैल्यू के लिए जोआचिम ट्रायर और हैमनेट के लिए क्लो झाओ का नॉमिनेशन हुआ है।

### इन लोगों को भी मिला नॉमिनेशन

मोशन पिक्चर कैटेगरी में बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस के तौर पर कई एक्ट्रेस को नॉमिनेट किया गया है। जैसे द स्मैशिंग मशीन के लिए एमिली ब्लंट, सेंटिमेंटल वैल्यू के लिए एली फैनिंग, विकेडः फॉर गुड के लिए एरियाना ग्रांडे, सेंटिमेंटल वैल्यू के लिए इंगा इब्सडॉटर लिलियास, वेपन्स के लिए एमी मैडिगन और वन बैटल आफ्टर अनदर के लिए टेयाना टेलर को चुना गया है। वहीं, मोशन पिक्चर केटेगरी में बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर के लिए बेनिशिया डेल टोरो, जैकब एलोर्डी, पॉल मेस्कल, शॉन पेन, एडम सैंडलर और स्टेलन स्कार्सगार्ड को चुना गया है।

## ये फिल्में रोमांस, कॉमेडी और एडवेंचर से भरी हैं


# सैंटा की इन खास 10 फिल्मों के साथ मनाएं क्रिसमस


*नई दिल्ली। 2025 में क्रिसमस के लिए ओटीटी पर कई सारी नई फिल्में आ गई हैं। ये फिल्में रोमांस, कॉमेडी और एडवेंचर से भरी हैं। इस बार इन 10 मजेदार फिल्मों के साथ मनाएं क्रिसमस। त्योहार की छुट्टियों में परिवार और इन फिल्मों के साथ मनाएं क्रिसमस। इन सभी हॉलीवुड फिल्मों को आप सभी अपने पसंदीदा ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स, प्राइम, डिज्नी+ पर देख सकते हैं।*

**जिंगल बेल हीस्ट :** हॉलीवुड फिल्म 'जिंगल बेल हीस्ट' 26 नवंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह फिल्म अब ओटीटी पर भी उपलब्ध है। इस फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे दो दुकान कर्मचारी क्रिसमस की रात अपने ही स्टोर को लूटने का प्लान बनाते हैं। इस फिल्म में बहुत मजा और रोमांस है। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

**शैम्पेन प्रॉब्लम्स :** 'शैम्पेन प्रॉब्लम्स' इस साल 19 नवंबर को रिलीज हुई थी। इस फिल्म में एक लड़की पेरिस जाकर शैंपेन कंपनी खरीदना चाहती है, लेकिन उसी कंपनी के मालिक से प्यार हो जाता है। यह एक प्यारी रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। इसे आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

**ए मेरी लिटिल एक्स-मास :** हॉलीवुड फिल्म 'ए मेरी लिटिल एक्स-मास' की कहानी एक ऐसे परिवार की है, जिसमें तलाक के बाद माता-पिता बच्चों के लिए क्रिसमस साथ मनाते हैं, लेकिन नए पार्टनर आने से मजेदार उलझनें हो जाती हैं। 'ए मेरी लिटिल एक्स-मास' 12 नवंबर 2025 को रिलीज हुई थी। यह नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।









**माई सीक्रेट सांता :** 'माई सीक्रेट सांता' कहानी है एक सिंगल मॉम और उसकी बाटी की। इस फिल्म में एक मां अपनी बेटी के लिए पैसे कमाने सांता बनती है। इस बीत वहां रिसॉर्ट मैनेजर को उससे प्यार हो जाता है। 'माई सीक्रेट सांता' 3 दिसंबर को रिलीज हुई है। इसे आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

**जॉय टू द वर्ल्ड :** 'जॉय टू द वर्ल्ड' 1 नवंबर 2025 के रिलीज हुई थी। इसकी कहानी काफी दिलचस्प है। एक फेमस लेडी का परफेक्ट फैमिली वाला झूठ पकड़ा जाता है, तो वो अपने बेस्ट फ्रेंड को नकली बॉयफ्रेंड बनाती है। फिर उसे सच में प्यार हो जाता है। 'जॉय टू द वर्ल्ड' को आर डिज्नी प्लस पर देख सकते हैं।

**टायलर पेरी फाइंडिंग जॉय :** 'टायलर पेरी फाइंडिंग जॉय' कहानी है एक फैशन डिजाइनर की। जो जिदगी से परेशान होकर पहाड़ों पर भागती है, वहां बर्फीले तूफान में उसकी मुलाकात एक अजनबी से होती है, जो उसकी खुशी लौटाता है। इसे आप प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं। 'टायलर पेरी फाइंडिंग जॉय' 5 नवंबर 2025 को रिलीज हुई थी।

**क्रिसमस एबव द क्लाउड्स':** 'क्रिसमस एबव द क्लाउड्स' 8 नवंबर को रिलीज हुई थी। इस फिल्म की कहानी एक लड़की की है, जो एक बिजी CEO के साथ प्लेन में फंस जाती है। जिसके बाद उसे क्रिसमस और प्यार का नया मतलब समझ आता है। 'क्रिसमस एबव द क्लाउड्स' को भी ओटीटी पर देख सकते हैं।

**ए वेरी जोनस क्रिसमस :** 'ए वेरी जोनस क्रिसमस' फिल्म जोनस ब्रदर्स की है। इस फिल्म में जोनस ब्रदर्स क्रिसमस मनाने घर जाने की रेस में हैं। यह फिल्म गाने, हंसी और मस्ती से भरपूर है। यह फिल्म बच्चों को बेहद पसंद आएगी। 'ए वेरी जोनस क्रिसमस' 14 नवंबर को रिलीज हुई थी।

## खबर संक्षेप



### अमर शहीद राव तुलाराम को जयंती पर नमन

**मंडी अटेली।** स्वास्थ्य मंत्री के कार्यालय में मंगलवार को केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह एवं स्वास्थ्य मंत्री आरती राव के समर्थकों एवं वर्करों ने 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के महानायक अमर शहीद राव तुलाराम की जयंती धूमधाम से मनाई और इस दिन को शुभ मानते हुए एक–दूसरे को आपस में लड्डु खिलाए। कार्यालय में सुबह से ही लोग इकट्ठा होना शुरू हो गए थे। लोगों द्वारा उनके चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर महानायक राव तुलाराम को जयंती पर नमन किया। वक्ताओं ने कहा कि सन 1857 में देश को आजाद कराने की शुरूआती लड़ाई में, जिन्होंने अपना बलिदान दिया था, उनमें राव तुलाराम का नाम इतिहास के स्वर्ण अक्षरों में लिखा हुआ है। अनेक शहीदों ने देश को आजाद कराने के लिए अपना सबकुछ न्यौछावर कर दिया और आजादी के लिए आखिरी दम तक लड़ते रहे।

### पुलिस ने ईंट भट्ठों पर श्रमिकों को बांटे कंबल

**नारनौल।** बढ़ती हुई ठंड व शीतलहर को देखते हुएए निजामपुर पुलिस ने एक सराहनीय पहल की है। मित्र पुलिस की भूमिका को चरितार्थ करते हुए थाना निजामपुर पुलिस ने क्षेत्र के ईंट भट्ठों पर जाकर वहां रहने वाले जरूरतमंद मजदूरों और उनके परिवारों को कंबल वितरित किए। इस अभियान का नेतृत्व थाना प्रभारी एसआई रवि ने किया। पुलिस टीम ने कड़ाके की ठंड में गर्म कपड़ों के अभाव में कठिनाई का सामना कर रहे श्रमिक व उनके बच्चों के लिए कंबल वितरित किए और उनका हालचाल जाना।

### गर्भवती महिलाओं की हुई गोद भराई की रस्म

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव गुजरवास में महिला एवं बाल विकास विभाग ने राष्ट्रव्यापी पोषण कार्यक्रम के तहत गर्भवती महिलाओं की गोद भराई रस्म और बच्चे का जन्म दिवस मनाया। इस कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं को पोषण की महत्व के बारे में जानकारी दी गई और उन्हें गर्भावस्था के दौरान उचित देखभाल और पौष्टिक आहार लेने की सलाह दी गई।

### नशा व्यक्ति को करता है बर्बाद : गिरीबाला यादव

**नारनौल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष नरेन्द्र सूरा के निर्देशानुसार व सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नीलम कुमारी के मार्गदर्शन में मंगलवार को राजकीय महिला कॉलेज में नशे से जंग महेन्द्रगढ़ के संग अभियान के तहत नालसा योजना 2025 व नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सूचना, जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग की भजन मंडली ने प्रेरक भजनों के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों, परिवार व समाज पर पड़ने वाले प्रभाव तथा नशा मुक्ति के संदेश को प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पैनल अधिवक्ता गिरीबाला यादव ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज का विद्यार्थी कल का भविष्य हैं। यह अभियान नशा मुक्त भारत अभियान का हिस्सा है।

### हड़ताल का नहीं दिखा असर, सेवाएं सामान्य

**कनीना।** कनीना में डॉक्टरों की हड़ताल मंगलवार को भी बेअसर रही। डॉक्टर ड्यूटी पर पहुंचे और सामान्य दिनों की तरह मरीजों की जांच कर दवाई दी। हरियाणा सिविल मेडिकल संगठन की ओर से विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल घोषित की गई थी। अस्पताल में सामान्य दिनों में 300 से अधिक मरीजों की ओपीडी की जाती है, जो मंगलवार को भी सामान्य रही। उप नागरिक अस्पताल की एसएमओ डॉ. रेनू वर्मा ने बताया कि सभी चिकित्सकों ने सामान्य दिनों की भांति अपनी ड्यूटी की।

---

### हकेंवि में उत्तर क्षेत्र अंतर-विश्वविद्यालय वॉलीबॉल प्रतियोगिता की हुई शुरूआत

# जीवन में परिश्रम और अनुशासन ही सफलता की कुंजी : संजय

- शानदार प्रदर्शन करने वाली टीम को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में मंगलवार को उत्तर क्षेत्र अंतर-विश्वविद्यालय वॉलीबॉल (पुरुष) प्रतियोगिता 2025-26 की शुरुआत हो गई। भारतीय विश्वविद्यालय संघ के सहयोग से आयोजित इस चार दिवसीय इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में उत्तर भारत के विभिन्न विश्वविद्यालयों की 26 टीमें हिस्सा ले रही हैं। इस प्रतियोगिता के उद्घाटन पर अर्जुन अवार्ड विजेता व वॉलीबॉल के अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त खिलाड़ी संजय फोगाट मुख्यातिथि व जगदीप सिंह श्योराण विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने की। आयोजन में एआईयू की ओर से पर्यवेक्षक बिरेंद्र हुड्डा, बीजेआरडी निदेशक मनीष यादव, एसडी कॉलेज निदेशक अर्चना ठाकुर व अंतरराष्ट्रीय रेफरी महेंद्र सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने टूर्नामेंट के आयोजन को महत्त्वपूर्ण बताया और कहा कि यह विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय है कि हम इस प्रतिष्ठित आयोजन की मेजबानी कर रहे हैं। कुलपति ने अपने संबोधन में खेलों को महत्त्वपूर्ण बताते हुए कहा कि आज के समय में खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहे हैं।



**महेंद्रगढ़।** खिलाड़ियों के साथ मुख्यातिथि संजय फोगाट व कुलपति प्रोफेसर टंकेशवर कुमार। *फोटो : हरिभूमि*

#### ये रहे मौजूद

पर्यवेक्षक ने बताया कि आयोजन में डॉ. प्रवीन कुमार, डॉ. कुमार पी, डॉ. गजेंद्र सिंह, डॉ. जितेंद्र, डॉ. खेराज समिति सदस्यों के रूप में सक्रिय भागीदारी कर रहे हैं। उद्घाटन सत्र के अंत में विभागाध्यक्ष डॉ. जे.पी. भूकर ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

उद्घाटन सत्र में मुख्यातिथि संजय फोगाट ने कहा कि सफलता का मंत्र अनुशासन और परिश्रम में छिपा है। उन्होंने अपने संबोधन में युवाओं में नशे की लत का उल्लेख करते हुए इससे बचाव में खेलों की भूमिका पर भी ध्यान आकर्षित कराया। आयोजन में विशिष्ट अतिथि जगदीप सिंह श्योराण ने कहा कि हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय स्तर का यह आयोजन विश्वविद्यालय कुलपति व उनकी टीम के प्रयासों का प्रत्यक्ष प्रमाण है। उन्होंने कहा कि अवश्य ही प्रतिभागी खिलाड़ी खेल भावना के साथ इस आयोजन को सफल बनाएंगे।

#### मार्चपास्ट से हुई प्रतियोगिता की शुरूआत

*विश्वविद्यालय की खेल परिषद् द्वारा आयोजित इस चार दिवसीय टूर्नामेंट की शुरुआत खिलाड़ियों के पैदल मार्च व विश्वविद्यालय के कुलगीत के साथ हुई। इसके पश्चात शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग के प्रो. रविंद्र पाल अहलावत ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया और उद्घाटन सत्र के मुख्यातिथि संजय फोगाट का आभार व्यक्त किया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि, कुलपति, विशिष्ट अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया। विश्वविद्यालय की खेल परिषद् के सचिव डॉ. संदीप दुल ने बताया कि चार दिवसीय इस आयोजन में उत्तर भारत के विभिन्न विश्वविद्यालयों की 100 से अधिक टीमों की ओर से आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 26 टीमें आयोजन में हिस्सा ले रही हैं। इन टीमों में दिल्ली विश्वविद्यालय, जामिया मिलिया इस्लामियां, हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय, पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय, कुमायुं विश्वविद्यालय नैनीताल, विश्वकर्मा स्किल यूनिवर्सिटी, स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी ऑफ हरियाणा आदि विवि टीमे शामिल रहीं।*

---



**महेंद्रगढ़।** विद्यालय में पौधारोपण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## टैगोर स्कूल में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

टैगोर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 12वीं कला संकाय के विद्यार्थियों द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल करते हुए भव्य पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यालय परिसर हरियाली के संदेश से गूंज उठा और विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। विद्यार्थियों ने विद्यालय प्रबंधन को पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी का परिचय देते हुए पौधों को विद्यालय के लिए उपहार स्वरूप भेंट किया। कार्यक्रम में विद्यालय निदेशक राहुल यादव, सीईओ डॉ. निशा यादव, प्राचार्य वीरेंद्र सिंह, उप-प्राचार्य सुनील कुमार, निशांत शर्मा, आरपी सिंह एवं सरोज विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों के साथ मिलकर पौधारोपण किया और इस पहल की सराहना की। सीईओ डॉ. निशा यादव ने कहा कि कक्षा 12वीं कला के विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय को दिए गए ये पौधे एक सुंदर और मूल्यवान उपहार हैं। यह कार्य केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि यह दर्शाता है कि आज के विद्यार्थी प्रकृति और समाज के प्रति कितने जागरूक हैं। वृक्ष केवल ऑक्सीजन ही नहीं देते, बल्कि जीवन, संतुलन और भविष्य की सुरक्षा भी सुनिश्चित करते हैं। उन्होंने कहा कि आज का यह छोटा-सा प्रयास आने वाले समय में एक बड़ा परिवर्तन ला सकता है। निदेशक राहुल यादव व प्राचार्य वीरेंद्र सिंह ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम से विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी, पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता और सकारात्मक सोच का विकास होता है। उन्होंने कक्षा 12वीं कला के विद्यार्थियों की इस पहल को सराहनीय बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

---

## योग ब्रेक कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा सरकार ने राज्य के सभी सरकारी कर्मचारियों को कार्यस्थल पर मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कार्यालय समय के दौरान भी 15 मिनट के लिए योग को दिनचर्या में शामिल करने के निर्देश दिए हुए हैं। जिले के सभी कार्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों और अधिकारियों को प्रतिदिन कार्य दिवस पर दोपहर एक से 1:15 बजे तक कुल 15 मिनट वाई ब्रेक यानी योग विराम लेना अनिवार्य है।

यह जानकारी देते हुए उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि ये व्यवस्था सरकार की ओर से अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मानसिक तौर पर मजबूत करने तथा कार्य के दबाव के कारण उत्पन्न होने वाले तनाव को कम करने के लिए शुरू की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी विभागों के अधिकारी तथा कर्मचारी अपनी भागीदारी इस दैनिक योगाभ्यास में अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करेंगे। उपायुक्त ने कहा कि एक स्वस्थ मन ही कुशल कार्य को जन्म देता है। वाई ब्रेक अधिकारियों व कर्मचारियों को एक संक्षिप्त विश्राम का अवसर देगा। इस तरह वे शेष कार्य अवधि के लिए अधिक ऊर्जा और सकारात्मकता के साथ काम कर सकेंगे।



**नारनौल।** लघु सचिवालय के पार्क में योगाभ्यास करते अधिकारी व कर्मचारी।

#### अधिकारी रहे शामिल

आयुष विभाग के योगाचार्य ने इस दौरान सरल व प्रभावी योग आसन, श्वास क्रियाएं, प्राणायाम, विभिन्न मुद्राएं कराई। जिनका उद्देश्य तुरंत तनाव से मुक्ति दिलाना था। कर्मचारियों ने इस संक्षिप्त योग सत्र के बाद स्वयं को अधिक तरोताजा और एकाग्र महसूस किया। उपायुक्त ने सभी विभागाध्यक्षों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि उनके अधीनस्थ सभी कर्मचारी व अधिकारी बिना किसी दैनिक योग ब्रेक में शामिल हों।

---

## आरपीएस ने जीती बाल महोत्सव चैंपियनशिप

### लगभग 3500 छात्रों ने 45 इवेंट में प्रतिभागी के तौर पर लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

आरपीएस ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक व सह-शैक्षणिक श्रेष्ठता का प्रदर्शन कर जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा आयोजित बाल महोत्सव में लगातार 14वीं बार ओवरऑल चैंपियनशिप अपने नाम की। सम्मान समारोह में उपायुक्त अभिषेक मीणा, जिला बाल कल्याण अधिकारी बिरेंद्र सिंह ने विजेताओं को सम्मानित किया। ये प्रतियोगिता 13 अक्टूबर से शुरू होकर 30 अक्टूबर तक बाल भवन में आयोजित की गई। विद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर 17 प्रथम, 10 द्वितीय, 9 तृतीय और 5 सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किए। कुल 80 अंकों के साथ आरपीएस स्कूल ने इस वर्ष भी ओवरऑल ट्रॉफी पर कब्जा जमाते हुए अपनी बादशाहत कायम रखी। आरपीएस ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजीनियर मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुनाल राव और प्राचार्य विक्रम यादव ने विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों के सामूहिक प्रयासों की सराहना की। विद्यालय में विजेताओं के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। प्राचार्य विक्रम यादव ने बताया कि तानशी यादव प्रथम ने कार्ड मेकिंग, ग्रुप प्रथम में रीवा और उनकी टीम प्रथम, हैंड राइटिंग ग्रुप प्रथम में हिया अव्वल रही। ग्रुप द्वितीय हैंड राइटिंग में दीया प्रथम रही। स्केचिंग ग्रुप द्वितीय में हेमंत प्रथम, सोलो डांस ग्रुप द्वितीय में गरिमा प्रथम रही। कलश डेकोरेशन ग्रुप तृतीय में निधी यादव प्रथम, ग्रुप डांस ग्रुप तृतीय में समृद्धि और उनकी टीम प्रथम रही। एकल नृत्य ग्रुप तृतीय में खुशमीत मेहरा प्रथम, डिक्लेमेशन ग्रुप तृतीय में वृतिका जीना प्रथम रही। क्लश डेकोरेशन ग्रुप चतुर्थ में कोमल प्रथम, देशभक्ति समूह गान ग्रुप चतुर्थ में अनुष्का और उनकी टीम प्रथम रही। पोस्टर मेकिंग ग्रुप चतुर्थ में संध्या प्रथम, रंगोली ग्रुप चतुर्थ में राजश्री प्रथम, स्केचिंग ग्रुप चतुर्थ में मुस्कान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। एकल नृत्य में कनक प्रथम रही। एकल गायन ग्रुप चतुर्थ में हर्षदा सिंह प्रथम रही। दीया डेकोरेशन ग्रुप द्वितीय में लोकिता प्रथम रही।




**महेंद्रगढ़।** विजेता बच्चे खुशी जाहिर करते हुए। फोटो : हरिभूमि

#### 14 वर्षों से लगातार विजेता

गौरतलब है कि आरपीएस स्कूल पिछले 14 वर्षों से जिला स्तर पर और कई बार राज्य स्तर पर भी ओवरऑल चैंपियन रहकर लगातार उत्कृष्टता का परचम लहरा रहा है। विद्यालय के प्रशिक्षकों और स्टाफ को भी समारोह में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

---

### किसानों को करवाएं सोलर पम्प उपलब्ध



**नारनौल।** किसान को उपलब्ध करवाया सोलर वाटर पम्प। फोटो : हरिभूमि

**नारनौल।** एसएम सहगल फाउंडेशन व एचडीएफसी बैंक के संयुक्त प्रयास से संचालित परिवर्तन परियोजना के अंतर्गत महेंद्रगढ़ ब्लॉक के 15 गांवों के 40 किसानों को मिनी स्प्रिंकलर, 15 किसानों को पोर्टेबल ड्रिप, 10 किसानों को सोलर वाटर पम्प उपलब्ध करवाए गए है। इसके अलावा दो गांवों में फार्म फील्ड स्कूल भी लगवाए गए। कृषि विशेषज्ञ संजय आलोरिया ने बताया कि मिनी स्प्रिंकलर, पोर्टेबल ड्रिप व सोलर वाटर पम्प किसानों को उन्नत खेती करने और अपनी फसलों में आसानी से पानी उपलब्ध करवाने के लिए वितरित किए गए है, इससे समय पर पानी मिलेगा और पानी की बचत भी होगी। जिससे किसानों का खर्च कम हो सकेगा व खेतों को भी खरपतवार से साफ रखा जा सकेगा। फार्म फील्ड स्कूल से किसानों को सब्जी की खेती का प्रशिक्षण व डेमो करवाया जाएगा। जिससे किसानों की आय में बढ़ोतरी हो पाएगी। संस्था के परियोजना समन्वयक रामदिया कश्यप ने संस्था के कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि संस्था पिछले सात साल से जिले के 39 गांवों में जल प्रबंधन, कृषि विकास, पशु प्रबंधन, स्थानीय भागीदारी, ग्रामीण अनुसंधान, विकास के लिए समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम चला रही है।

---

## जुलाना में जेजेपी की रैली से विपक्ष में खलबली: राजकुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जननायक जनता पार्टी के आठवें स्थापना दिवस पर जींद जिले के जुलाना हल्के में आयोजित तंबू पाड़ रैली ने प्रदेश की सियासत में नई हलचल पैदा कर दी है।

रैली में उमड़े जनसैलाब को लेकर जिला प्रभारी व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य राकेश जाखड़ ने कहा कि विपक्ष लगातार जेजेपी को कमजोर बताने की कोशिश कर रहा था, लेकिन ऐतिहासिक रैली ने उनके सभी भ्रम तोड़ दिए। जिले से रैली में भारी संख्या में कार्यकर्ताओं की मौजूदगी पर जिला प्रभारी, जिला प्रधान, सभी विधानसभा अध्यक्ष व जिला संयोजकों ने कार्यकर्ताओं का आभार जताया। युवा लगातार आया आया सिम के नारों से वातावरण गुंजायमान करते रहे और हर 10 मिनट में अपने नेता दुष्यंत चौटाला का स्वागत करते रहे। आमजन का उत्साह देखते ही बनता था।

#### रैली में युवा व महिलाओं ने उत्साह से भाग लिया



राजकुमार

जिला प्रधान राजकुमार खातोद ने कहा कि स्थापना दिवस पर आयोजित रैली में युवा व महिलाओं ने भारी उत्साह के साथ भाग लिया। उन्होंने दावा किया कि हरियाणा की जनता अब जेजेपी को एक मजबूत विकल्प के रूप में देख रही है और 2029 के चुनाव में पार्टी प्रचंड बहुमत से अपनी सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि जनता अब समझ चुकी है कि उपमुख्यमंत्री रहते हुए दुष्यंत चौटाला ने कोई गलती नहीं की। विपक्ष ने लोगों को गुमराह किया था, मगर सच्चाई सामने आते ही जनता आज दुष्यंत चौटाला में पूर्व उप प्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल की झलक देख रही है। जिला प्रभारी ने कहा कि रैली में पार्टी के शीर्ष नेताओं ने भाजपा और कांग्रेस की पोल खोल कर जनता के सामने स्पष्ट कर दिया कि भाजपा फिर से 2016 वाला इतिहास दोहराकर प्रदेश का भाईचारा बिगाड़ना चाहती है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के मंत्री, विधायक व सांसद अपने भाषणों के जरिए समाज में जहर घोलने का काम कर रहे हैं, लेकिन हरियाणा की जनता अब उनके एजेंडे को अच्छी तरह समझ चुकी है।

---

## न्यूज डायरी

### पिता ने घोड़ी पर बैठाकर निकाला बेटी का बनवारा



**महेंद्रगढ़।** गांव बसई हाल आबाद हनुमान नगर कॉलोनी निवासी मास्टर अजीत सिंह ने अपनी बेटी पायल का बनवारा घोड़ी पर निकालकर बेटा-बेटी में समानता का संदेश दिया है। पायल की शादी गांव सेहलंग निवासी पवन पुत्र मनोज कुमार के संग 10 दिसंबर को होनी है, इसी खुशी के अवसर पर पिता अजीत सिंह यादव, माता पिंकी देवी ने अपनी बेटी पायल का बनवारा डीजे के साथ घोड़ी पर निकालकर सामाज में बेटा बेटी में समानता का संदेश दिया है। ममाज टीम सदस्य मुकेश चौहान ने बेटी पायल को हरियाली का प्रतीक पौधा

### किशनलाल जनसेवा समिति ने गर्म वस्त्र किए वितरित



**नारनौल।** किशनलाल जनसेवा समिति की ओर से संस्थापक पवन यादव के जन्मदिन पर आदर्श हाई स्कूल में गर्म वस्त्र वितरण व सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें जरूरतमंद विद्यार्थियों को गर्म वस्त्र भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया। प्राचार्य दिनेश शर्मा ने बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि समाजसेवी मिश्री देवी थी। उन्होंने कहा कि समाज में जरूरतमंद विद्यार्थियों की सहायता करना सबसे बड़ा मानवीय कार्य है और इस प्रकार के प्रयास युवा पीढ़ी में सकारात्मक संदेश देते हैं। समिति संस्थापक पवन यादव ने कहा कि उनके जन्मदिन का सर्वोत्तम उत्सव तभी है, जब किसी जरूरतमंद के चेहरे पर मुस्कान लाई जा सके। उन्होंने सभी सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को स्वेटर, जूते, जुराब, गर्म बनियान, गर्म पाजामे वितरित किए गए। इस मौके पर मिश्री देवी, पवन यादव, प्राचार्य दिनेश शर्मा, कोऑर्डिनेटर ललिता शर्मा, आकांक्षा भूषण, प्रीति कुमारी, संगीता गांधी, पिंकी, हिमानी, मीनाक्षी, मुस्कान, निशा, ताराचंद, संतोष आदि मौजूद थे।

### शहीद राव तुलाराम की जीवनी से मिलती रहेगी प्रेरणा



**नांगल चौधरी।** अमर शहीद राव तुलाराम की जयंती पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा के पूर्व जिला प्रधान दयाराम यादव ने शहीद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए तथा कार्यकर्ताओं को उनकी जीवनी से अवगत कराया। इस दौरान अस्पताल में मरीजों को फल वितरित करके युवाओं को समाजसेवा व राष्ट्रभक्ति के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों के अत्याचार से पूरा देश भयभीत था। उन्हें देश से भगाने के लिए 1857 में स्वतंत्रता संग्राम आरंभ हुआ, जिसमें राव तुलाराम का बड़ा योगदान रहा है। राव तुलाराम के नेतृत्व में नसीबपुर के मैदान में पांच हजार देशभक्तों को साथ लेकर अंग्रेजी सेना से लड़ाई लड़ी थी। इस लड़ाई में अंग्रेजी सेना के कई बड़े अधिकारी मारे गए थे तथा मातृभूमि की सुरक्षा करते हुए पांच हजार योद्धाओं ने शहादत दी थी। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना का साहस व शौर्य पूरे विश्व में विख्यात है। हमारे सैनिक विषम परिस्थितियों में भी दुश्मन को पटखनी देने में सक्षम हैं। भाजपा नेता ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मेडिकल कॉलेज में स्थापित अस्पताल का नामकरण अमर शहीद राव तुलाराम करने की घोषणा की है।

---

**सीख** | महिला कॉलेज में 14 दिवसीय आर्टिफिशियल ज्वेलरी कार्यशाला आयोजित

## छात्राओं को आर्टिफिशियल ज्वेलरी के लिए आवश्यक सामग्री की जानकारी दी

कार्यक्रम के तहत छात्राओं को स्वरोजगार का प्रशिक्षण दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

राजकीय महिला महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग एवं एनएनएस के द्वारा पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान नारनौल के सहयोग से 14 दिवसीय आर्टिफिशियल ज्वेलरी कार्यशाला का मंगलवार को समापन हो गया। यह कार्यशाला 26 नवंबर से नौ दिसंबर तक चली। कार्यशाला की शुरुआत में रिसोर्स पर्सन के रूप में रिचा गुप्ता ने छात्राओं को आर्टिफिशियल ज्वेलरी के लिए आवश्यक सामग्री तथा विभिन्न प्रकार की ज्वैलरी के बारे में बताया गया। वहीं आरएसटीआई के डायरेक्टर एचआर सबरवाल ने छात्राओं को बताया कि ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा संचालित यह एक प्रशिक्षण कार्यक्रम है, जिसमें युवाओं को कौशल विकास एवं स्वरोजगार प्रशिक्षण दिया जाता है। 18 से 45 वर्ष तक की आयु के ग्रामीण युवा जो अपना खुद का व्यवसाय शुरू करना चाहते हैं, वह आरएसटीआई द्वारा निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर सकता हैं। इसी के तहत छात्राओं को कौशल विकास एवं स्वरोजगार देने के उद्देश्य से महाविद्यालय परिसर में इस कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में छात्राओं ने विभिन्न प्रकार की आर्टिफिशियल ज्वेलरी बनाना तथा उद्यमशीलता की योग्यताएं भी सीखी।



**मंडी अटेली।** आर्टिफिशियल ज्वेलरी कार्यशाला में कपड़े से बुनी ज्वेलरी दिखाती छात्राएं।

#### नए तरीके से ज्वेलरी को बनाना सीखा

*कृत्रिम आभूषण कार्यशाला से छात्राओं ने कम लागत में नए तरीके से ज्वेलरी को बनाना सिखा, जिससे छात्राएं अपनी रचनात्मकता को निखार सकती हैं और नए डिजाइन बना सकती है। कार्यशालाएं न केवल छात्राओं को नई दिशा देती है, बल्कि आत्मविश्वास,आत्मनिर्भरता और रचनात्मक सोच को भी विकसित करती हैं। रचनात्मक गतिविधियां छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए बहुत आवश्यक है। कार्यशाला के समापन पर छात्राओं द्वारा कार्यशाला के दौरान बनाए गए सभी ज्वेलरी की प्रदर्शनी गृह विज्ञान विभाग में लगाई गई। वहीं महाविद्यालय के सभी स्टाफ सदस्यों द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया तथा छात्राओं के द्वारा किए गए कार्य की सराहना की।*

---

**सार्वजनिक सूचना**

मै सुनील कुमार पुत्र तारा चंद वासी मौहल्ला माली टीबा नारनौल तहसील नारनौल जिला महेंद्रगढ हरियाणा बयान करता हूं कि मेरी पुत्री पूजा मेरे कहने सुनने से बाहर है और अपनी मनमर्जी करती है। इसलिए मै उसको अपनी चल–अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उससे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे बाकि परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप



### एसडीएम ने पटवारखाने का किया औचक निरीक्षण

**महेंद्रगढ़।** एसडीएम कनिका गोयल ने मंगलवार को रविदास मंदिर स्थित पटवारखानों का औचक निरीक्षण कर पटवारियों के भूमि रिकॉर्ड, खातों और दैनिक रजिस्टर (रोजनामचे) की जांच की। एसडीएम ने पटवारियों को प्रशासनिक कामकाज और भूमि संबंधी कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पटवारियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की और अभिलेखों को अपडेट रखने के निर्देश दिए।

### शहादत दिवस पर स्मृति सभा 19 को

**नारनौल।** आजादी आंदोलन के महान क्रांतिकारी रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खान, राजेंद्र नाथ लाहिडी व रोशन सिंह के 98वें शहादत दिवस पर स्मृति सभा का आयोजन ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक यूथ ऑर्गेनाइजेशन, शहीद व महापुरुष यादगार कमेटी की तरफ से किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक यूथ ऑर्गेनाइजेशन के जिला संयोजक सतीश कुमार ने बताया कि 19 दिसंबर सुबह 11 बजे सुभाष पार्क में स्मृति सभा का आयोजन किया जाएगा।

### राजेंद्र लोढ़ा के निधन पर विधायक ने जताया शोक

**कनीना।** नगर पालिका के पूर्व प्रधान राजेंद्र सिंह लोढ़ा के निधन पर मंगलवार को महेंद्रगढ़ के विधायक कंवर सिंह यादव सहित विभिन्न पार्टियों के पदाधिकारियों ने शोक जताया। कनीना स्थित उनके आवास पर शोक संवेदना जताने वालों का बोलबाला रहा। उनके पुत्र एडवोकेट जेपी यादव ने बताया कि 15 दिसबंर को रस्म पगड़ी व श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा।

### विद्यार्थियों को गर्म वस्त्र किए वितरित

**महेंद्रगढ़।** गांव दुलोठ अहीर में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कैप्टन गजराज सिंह यादव द्वारा गत दिवस गर्म वस्त्र वितरित किए, जिसमें मुख्यातिथि यदुवंशी शिक्षा निकेतन के चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह एवं विशिष्ट अतिथि कप्तान हंसराज यादव रहे। उन्होंने विद्यालय के बच्चों को संबोधित किया और उज्जवल भविष्य की कामना की। इसमें विद्यालय प्रिंसिपल प्रोफेसर रणवीर सिंह व समस्त स्टाफ एवं गांव के पूर्व फोरमैन दयाराम यादव, डॉ. अश्वनी कुमार, राजकुमार यादव एवं बिरमा देवी पत्नी कैप्टन गजराज सिंह यादव ने अपना सहयोग दिया।

### खेड़ी तलवाना में भंडारे का किया आयोजन

**नारनौल।** बाबा ज्ञानगिरी सेवा समिति के तत्वावधान में बरसावल धाम खेड़ी तलवाना पर सिद्ध संत ज्ञानगिरी महाराज का चौथा भंडारा आयोजित किया गया। प्रातः हवन यज्ञ कर भंडारा का शुभारंभ किया। प्रमुख समाजसेवी अतरलाल एडवोकेट ने बाबा ज्ञानगिरी की मूर्ति पर चादर चढ़ाकर इलाके में सुख शांति की कामना की। भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

कई श्रेणियां में मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना की राशि में किया इजाफा, 6 माह की अवधि में करवाएं विवाह पंजीकरण

# प्रो. एक्टिव मोड पर मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा सरकार ने समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्गों के उत्थान के लिए मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना को प्रो एक्टिव मोड में कर दिया है। इसके तहत प्रार्थी को विवाह के छह माह की अवधि में विवाह पंजीकरण करवाते हुए ऑनलाइन पोर्टल पर योजना के तहत आवेदन करना होता है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, अनुसूचित जातीय एवं पिछड़े वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय विभाग की ओर से संचालित की जा रही इस योजना के तहत प्रार्थी की परिवार पहचान पत्र यानी पीपीपी में पारिवारिक वार्षिक आय 1.80 हजार रुपये तक होनी चाहिए।



### लड़कियों की शादी पर सरकार दे रही 71 हजार का अनुदान

अनुसूचित जाति, विमुक्त जाति, टपरिवास जाति के लोगों की लड़कियों की शादी पर सरकार 71000 रुपये मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत दे रही है। इसी प्रकार समाज के सभी वर्गों की विधवाओं, तलाकशुदा, अनाथ, बेसहारा उनके पुनर्विवाह पर बशर्ते उन्होंने पहली शादी के अवसर पर इस योजना का लाभ न लिया हो तथा विधवा स्त्रियों को उनकी लड़कियों की शादी के अवसर पर 51000 की राशि दी जाती है। महिला खिलाड़ी किसी भी वर्ग की, को उनकी स्वयं की शादी पर अब 41000 की बजाय 51000 की सहायता राशि दी जाएगी।

### इन वर्गों में भी की बढ़ोतरी

इसी प्रकार सामान्य वर्ग के व्यक्तियों को उनकी लड़की की शादी पर 41000 रुपये मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत दिए जाएंगे। पिछड़ा वर्ग के व्यक्तियों को उनकी लड़कियों की शादी पर 41000 की बजाय अब 51000 रुपये दिए जाएंगे। वहीं दिव्यांग पर यदि जोड़े में से दोनों पति पत्नी दिव्यांग हो तो उन्हें 51000 की सहायता राशि दी जाती है। अब यदि जोड़े में से कोई एक पति या पत्नी दिव्यांग हो तो उन्हें अब 41000 रुपये की बजाय 51000 की राशि दी जाएगी।

### क्या कहते है अधिकारी

जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित शर्मा ने बताया कि जिले में मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत अब तक इस वर्ष कुल 1106 नागरिकों ने फायदा उठाया है।

बैठक खण्ड प्रधान सुआलाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई

# रिटायर्ड कर्मचारी सरकार की पेंशनर्स विरोधी नीति के खिलाफ गरजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

रिटायर्ड कर्मचारी संघ खण्ड नारनौल की मीटिंग खण्ड प्रधान सुआलाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य वक्ता राज्य सचिव एवं प्रभारी धर्मपाल शर्मा तथा पूर्व राज्य उपप्रधान जगनलाल निनानिया थे। बैठक का संचालन खण्ड सचिव ताराचंद सैनी ने किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा धर्मपाल शर्मा ने कहा कि भारत सरकार की नीयत ठीक नहीं है। सरकार का यह कहना कि पेंशन अनफनडीड है, नॉन कन्टीब्यूट्री है अर्थात बजट का अभाव बताया जाना, यह मंशा सही नहीं है। इसके विरोध में पूरे भारत में जिला मुख्यालयों पर अखिल भारतीय राज्य सरकारी पेंशनर्स फैडरेशन के आह्वान पर तथा रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा के निर्देश पर 17 दिसम्बर को धरना प्रदर्शन सुबह 10 बजे से दोपहर एक तक किया जाएगा तथा उपायुक्त के माध्यम से राज्यपाल के नाम केंद्र सरकार को ज्ञापन प्रेषित किया जाएगा। ज्ञापन में वित्त विधेयक 2025 पारित के विरोध में अन्य मांगों सहित ज्ञापन सौंपा जाएगा। उन्होंने बताया कि पेंशनर्स विरोधी वित्त विधेयक 2025 का प्रभाव स्पष्ट रूप से सरकार द्वारा अधिसूचित आठवां वेतन पुनरीक्षण आयोग के लिए स्वीकृत विचारणीय बिंदु (टर्मस आफ रिफरेंस) में देखने को मिला है। पेंशन पुनरीक्षण की चर्चा किए बिना इसमें गैर अंशदायी पेंशन पर होने वाले खर्च का आंकलन करने हेतु कहा गया है। यह शब्दावली बिल्कुल नया और अभूतपूर्व है। इससे सरकार की मंशा स्पष्ट और माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के विपरीत है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयानुसार पेंशन सेवानिवृत्त कर्मियों का मौलिक अधिकार है, जिसे अर्थाभाव का बहाना बनाकर रोका नहीं जा सकता है। सरकारी कर्मचारियों के साथ ही इनका पेंशन पुनरीक्षण होना है। पेंशनर्स के बीच किसी भी प्रकार का भेदभाव पैदा नहीं किया जा सकता है। यही कारण है कि केंद्रीय कर्मियों के विभिन्न संगठनों के साथ राज्य सरकारी कर्मचारी का सबसे बड़ा संगठन अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ इसका विरोध कर रहा है। प्रदेश उपाध्यक्ष जगनलाल निनानियां ने कहा कि सभी को कैशलेस इलाज की सभी अस्पतालों में फ्री इलाज व मैडिकल भत्ता 3000 हजार रुपये कम्युटेशन की वसुली 11 साल तक की जाए।



नारनौल। मीटिंग को संबोधित करते मास्टर धर्मपाल शर्मा। फोटो : हरिभूमि

### प्रधान ने किया धन्यवाद

इस मौके पर जिला प्रधान घनश्याम दास शर्मा ने सभी पदाधिकारी व सदस्यों का बैठक में भाग लेने के लिए धन्यवाद किया और सदस्य संख्या संघर्ष फंड बढ़ाने पर जोर दिया। बैठक में सतपाल शर्मा, गुरदयाल सिंह नाहर, ओमप्रकाश दायमा, राममेहर, मामन राम, कंवल सिंह, रामसिंह, कमल सिंह, राजकुमार बनाराम, रामसिंह व सुखचैन सिंह आदि रहे।

त्रिवार्षिक चुनाव पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस कार्यालयस में हुआ

# रमेश चंद्र यादव छठी बार निर्विरोध बने मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन के जिला प्रधान

- चुनाव पर्यवेक्षक राज्य सजन सिंह भारद्वाज व सरजीत खेड़ा की अगुवाई में हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा गवर्मेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन (रजि नंबर 41) सम्बंधित हरियाणा संयुक्त कर्मचारी संघ मुख्यालय चरखी दादरी का पब्लिक हेल्थ ब्रांच नारनौल का त्रिवार्षिक चुनाव मंगलवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस यूनियन कार्यलय में हुआ। यह चुनाव पर्यवेक्षक राज्य सजन सिंह भारद्वाज व सरजीत खेड़ा की अगुवाई में सम्पन्न हुआ, जिसमें प्रधान रमेश चन्द्र यादव को चुना गया। रमेश यादव लगातार छठी बार निर्विरोध प्रधान बने हैं।



नारनौल। चुने गए पदाधिकारियों को फूल मालाओं से सम्मानित करते हुए।

### नवनियुक्त पदाधिकारी

इसी प्रकार सचिव संदीप जांगड़ा, कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार यादव, चेयरमैन राधेश्याम शर्मा, वरिष्ठ उपप्रधान रामचंद्र शर्मा, प्रेस सचिव रामशरण यादव, मुख्य सलाहकार कृष्ण शर्मा, दलीप कुमार, सुरेश कुमार भूषण, कैलाश चंद सैनी, सहसचिव पवन सैनी को चुना गया। इसी कड़ी में अमित यादव, सुनील सैनी, एचकेआरएन के प्रधान मास्टर शेरसिंह, उपप्रधान जोगेंद्र, महीपाल, हवासिंह, राजबीर व उमाशंकर को सर्वसम्मति से चुना गया। इस मौके पर बी एंड आर इलेक्ट्रिक ब्रांच नारनौल का भी त्रिवार्षिक चुनाव हुआ, जिसमें प्रधान बाबू लाल, सचिव जसविंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष प्रवीण सोनी, चेयरमैन नरेंद्र शर्मा, वरिष्ठ उपप्रधान नरेंद्र सिंह को भी सर्वसम्मति से चुना गया। चुने गए पदाधिकारियों ने सभी कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि सभी कर्मचारियों कि जायज मांगों को प्रमुखता से उठाएंगे। इस मौके पर अन्य संगठन छोड़कर रजिस्टर नम्बर 41 में आस्था रखते हुए दो दर्जन से अधिक कर्मचारियों ने सदस्यता ग्रहण की। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत किया।

# ऑल हरियाणा नेवल वेटरन्स का राज्य स्तरीय समागम आयोजित



**नारनौल।** फैजाबाद के राज मंदिर गार्डन में नेवल वेटरन्स द्वारा पूरे हरियाणा नेवल वेटरन्स का राज्यस्तरीय समागम आयोजित किया गया। इस दौरान पूरे हरियाणा एनसीआर, दिल्ली व राजस्थान से लगभग तीन हजार से अधिक पूर्व नौसैनिक उपस्थित हुए। महेंद्रगढ़ की धरती पर यह पहला अवसर था, जब इतने बड़े पैमाने पर भारतीय नौसेना के पूर्व सैनिक एक मंच पर एकत्रित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षत कौशल सिंह ने की तथा सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ 91 वर्षीय कैप्टन इन्द्र सिंह एवं कैप्टन आरएस अहलावत द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। मंच पर नेवल वेटरन्स के प्रधान सतबीर सिंह, सचिव नरेंद्र सिंह, डिप्टी डायरेक्टर सावंत सिंह, कोषाध्यक्ष, कृष्ण नीरपुर, खजांची सुरेश कुमार एवं रतन सिंह उपस्थित रहे। कप्तान इंद्र सिंह ने कहा कि हरियाणा नेवल वेटरन्स का बीज 54 वर्ष पूर्व एक छोटे से कमरे में मात्र 25 सैनिकों के साथ बोया गया था, जो आज एक विशाल वटवृक्ष के रूप में फल-फूल रहा है। कार्यक्रम में मंच संचालन कमांडो नरपत सिंह, बिरेंद्र तथा अनिल भगड़ना ने निभाया। डॉ. विनीत एवं नरेश कुमार कार्यक्रम का विशेष योगदान रहा।

# चुनाव में थोड़ा सा समझ लेते तो ताज भी होता और राज भी: राव दानसिंह

- जिला बार एसोसिएशन में पूर्व संसदीय सचिव राव दानसिंह के सम्मान में सम्मान समारोह आयोजित

**नारनौल।** जिला बार एसोसिएशन को डिजिटल लाइब्रेरी के लिए पूर्व संसदीय सचिव राव दानसिंह ने 11 लाख की अनुदान राशि दी है। इसी सहयोग के लिए जिला बार एसोसिएशन ने मंगलवार सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान यहां आए राव दानसिंह ने कहा कि जिला बार एसोसिएशन की ओर से किए गए सम्मान समारोह में पहुंचकर वे अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। वे पिछले कई दिनों से सोच रहे थे कि बार एसोसिएशन में जाकर अपने भाइयों के बीच बैठकर दिल की बात साझा करें, उनके सुख-दुख जाने। उन्होंने कहा कि अधिकांश बार एसोसिएशन के अधिवक्ता समय-समय पर स्कूल व कॉलेज शिक्षा काल के सहपाठी रहे हैं, जो इस समय मौजूद बैठे हैं। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता जसबीर ढिल्लो, अजय चौधरी, करण सिंह यादव, बजरंग जांगड़ा, ललित तंवर, ओमप्रकाश मांदी वाले, करण सिंह भोजावास वाले, सुरेंद्र ढिल्लो, कुलदीप भरगढ़, सेवानिवृत्ति सेशन जज राकेश यादव, बार एसोसिएशन के उप प्रधान विकास सांगवान, सचिव प्रदीप यादव, सहसचिव चंद्र देव, कोषाध्यक्ष सुगन सिंह, लाइब्रेरियन प्रवीण यादव रघुनाथपुरा, कार्तिक यादव मौजूद रहे।



नारनौल। पूर्व संसदीय राव दानसिंह को स्मृति भेंट करते जिला बार एसोसिएशन के सदस्य।

# सूरज स्कूल में आयोजित वार्षिक खेल प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

सूरज स्कूल में दो दिवसीय अन्र्तविद्यालय वार्षिक खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगित में भाग लिया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि विद्यालय निदेशक संदीप प्रसाद और निदेशिका गायत्री यादव द्वारा मां सरस्वती के चित्र के सामने दीप प्रज्ज्वलित कर की। इसके बाद विद्यार्थियों ने बैंड के साथ मार्च पास्ट निकालकर मुख्यातिथि को सलामी दी। खेल प्रतियोगिता से पहले विद्यार्थियों ने विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इसके पश्चात विद्यार्थियों को खेल भावना की शपथ दिलाई गई। मुख्यातिथि संदीप प्रसाद ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल पुस्तक पाठ्यक्रम आधारित शिक्षा तक सीमित होना नही है अपितु विद्यार्थियों के जीवन में अनुशासन, शारीरिक श्रम व खेल भावना को बढ़ाने में खेल प्रतियोगिता की भी अहम योगदान है। निदेशिका गायत्री यादव ने रिबन काटकर एवं हरी झंड़ी दिखाकर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। खेल प्रतियोगिता में 1500, 800, 400, 200 एवं 100 मीटर की दौड़ सहित लंबीकूद, उंचीकूद, खो-खो, कबड्डी, गोला फेंक आदि प्रतियागिताएं आयोजित की गईं।



महेंद्रगढ। रिबन काटकर खेल प्रतियोगिता शुभारंभ करती हुई।

### अटेली में आर्य समाज का वार्षिक उत्सव शुरू

**मंडी अटेली।** आर्य समाज अटेली का मंगलवार को दो दिवसीय 22वां वार्षिक उत्सव सम्मेलन प्रारंभ हुआ है। सर्वप्रथम सुबह हवन के साथ सम्मेलन का प्रारंभ हुआ। समारोह में भजनोपदेशक के माध्यम से स्वामी दयानन्द के विचारों व दर्शन को आगे बढ़ाया। सम्मेलन का उद्घाटन मार्केट कमेटी अटेली के चेयरमैन दिनेश जेलदार ने किया, जबकि अटेली सरपंच एसोसिएशन के पूर्व प्रधान कुलदीप सरपंच मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। आमंत्रित विद्वानों में भजनोपदेशक में हंसानंद हंस, महात्मा यशदेव, हरिशंकर अग्निहोत्री, कैलाश कर्मठ, ओमवीर आर्य, स्वामी समर्पणानन्द दड़ौली आश्रम, पंडित विजय पाल आर्य मौजूद रहे।

# सपनों को पंख तब मिलते हैं, जब मेहनत ईमानदार हो और मार्गदर्शन सशक्त

- जिला स्तरीय द्वितीय किड्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिला स्तरीय द्वितीय किड्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता में विद्या देवी इंटरनेशनल स्कूल अटेली के खिलाड़ियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। महेन्द्रगढ़ के स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित इस प्रतियोगिता में जिले के 300 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया, लेकिन वीडीआईएस के होनहारों ने अपने जुनून व मेहनत से सबको पीछे छोड़ते हुए बाजी मारी। विद्यालय के डायरेक्टर विक्रांत यादव ने बताया कि विद्या देवी विद्यालय की टीम ने शानदार उपलब्धियां हासिल की। मिक्स्ड 4×100 मीटर रिले दौड़ में प्रथम कुनाल, साक्षी, गौरव, मानसी, लड़कियों की 4 गुणा 100 मीटर रिले दौड़ में साक्षी, ईशिका, मानसी, अक्षिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंडर 12 आयु वर्ग 60 मीटर दौड़ में साक्षी प्रथम, लंबीकूद में साक्षी द्वितीय, बैक थ्रो में अक्षिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्राचार्य राजकुमार यादव ने खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हर जीत के पीछे होता है निरंतर अभ्यास, सही मार्गदर्शन और आत्मविश्वास।



नारनौल। स्कूल में विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए।

# हॉटस्पॉट डॉमिनेशन: जुए के अड्डों पर छापेमारी में 11 गिरफ्तार, नकदी बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

जिले में आपराधिक गतिविधियों और सार्वजनिक स्थानों पर जुए-सट्टे जैसी सामाजिक बुराइयों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से एसपी पूजा वशिष्ठ के कुशल नेतृत्व और सख्त दिशा-निर्देशों पर पुलिस द्वारा ऑपरेशन हॉटस्पॉट डॉमिनेशन चलाया जा रहा है।

इस विशेष अभियान के तहत पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में जुए के अड्डों पर बड़ी कार्रवाई की है। महेंद्रगढ़ पुलिस ने बीते 24 घंटों में दो अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी करते हुए सार्वजनिक स्थानों पर जुआ खेल रहे 11 आरोपितों को गिरफ्तार किया है।

### शमशान घाट के पास से चार काबू

थाना सदर महेंद्रगढ़ की टीम को गश्त के दौरान सूचना मिली कि गांव निहालावास की बणी में शमशान घाट के पास कुछ व्यक्ति ताश के पत्तों पर पैसे लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर रेड की। पुलिस ने मौके से घेराबंदी कर चार व्यक्तियों को काबू किया, जिनकी पहचान अजीत, रणसिंह, मुकेश कुमार और जितेन्द्र के रूप में हुई। पुलिस ने मौके से कुल 10,112 रुपये की नकदी और 52 ताश के पत्ते बरामद किए। आरोपितों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया।

### फैक्ट्री के पीछे छापेमारी

थाना सदर कनीना की पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि गांव सेहलंग में टाइल फैक्ट्री के पीछे कुछ लड़के जुआ खेल रहे हैं। पुलिस टीम ने सुनियोजित तरीके से रेड करते हुए मौके से सात नौजवानों को जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपितों की पहचान धर्मबीर, धर्मबीर, रवि, आकाश, रामकिशन, सतीश और विपिन के रूप में हुई। पुलिस ने मौके से 2,940 रुपये नकद और ताश के 104 पत्ते बरामद किए हैं। सभी के खिलाफ थाना सदर कनीना में जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई है। एसपी पूजा वशिष्ठ ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक स्थानों पर जुआ खेलना, शराब पीना या हुड़दंग मचाना किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

विधायक ओमप्रकाश यादव, विधायक कंवर सिंह, विधायक अनिल डहिना की उपस्थित में लिया निर्णय

क्षेत्र की गोशालाओं को भी दिया लाखों रुपये का दान

# चेयरमैन जगदेव यादव ने बेटे के विवाह में करोड़ों रुपये लौटाकर की दहेज प्रथा पर करारी चोट

- जिलेभर में चल रही दहेज रहित शादी की चर्चाएं, हो रही सराहना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

सब डिवीजन के गांव ककराला में आयोजित विवाह समारोह में एसडी ग्रुप ऑफ एजूकेशन के चेयरमैन जगदेव यादव ने कीमती सामान व दहेज लौटकर प्रेरणादायी मिसाल कायम की है। जिसकी चर्चा समूचे क्षेत्र में चल रही है। विद्यालय में विद्यार्थियों को नशाखोरी व दहेज प्रथा जैसी सामाजिक बुराई को समूल नष्ट करने की शिक्षा देने वाले विद्यालय के चेयरमैन ने इसकी पहल स्वयं से की है। जिससे हजारों अभिभावक भी प्रेरणा ले रहे हैं।

एसडी कैंपस में आयोजित इस समारोह में वधू पक्ष की ओर से करोड़ों रुपये की राशि व फर्नीचर तथा इलेक्ट्रॉनिक्स का सामान देने की पेशकश की गई। जिसे जगदेव यादव ने अपने पूर्वजों व बुजुर्गों द्वारा स्थापित किए आदर्शों पर चलते हुए उक्त राशि व सामान ससम्मान वापस लौटा दिया। उन्होंने जैसे ही माइक से दहेज न लेने की घोषणा की त्यों ही पंडाल में इस निर्णय की चर्चाएं चल पड़ा। इस समारोह में नारनौल के विधायक एवं पूर्व मंत्री ओमप्रकाश यादव, महेंद्रगढ़ के विधायक कंवर सिंह, विधायक कोसली अनिल यादव, अटेली के पूर्व विधायक सीताराम यादव, पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह के अलावा विभिन्न पार्टियों के पदाधिकारी, क्षेत्र के सरपंच, पंच, नंबरदार उपस्थित थे।



कनीना। दहेज न लेने की घोषणा करते चेयरमैन जगदेव यादव। फोटो : हरिभूमि

### यह रहे मौजूद

इस मौके पर एसडीएम सुरेंद्र सिंह, विकास यादव, गोविंद सिंह, छोटेलाल, दिनेश जेलदार, जेपी कोटिया चेयरमैन, कुलदीप यादव, राजपाल यादव, जवाहर सिंह दूहन, पवन सिंह तंवर, प्रमोद शास्त्री, मनीष राव, कृष्ण यादव, प्रदीप मालड़ा, डॉ. नरेंद्र यादव, डॉ. कर्मवीर यादव, सुनील यादव, जितेंद्र यादव, कर्नल बृजकिशोर, सुमित कुमार, रामेश्वर दयाल, रामनिवास, वीरेंद्र दीक्षित सरपंच, कैलाश ठेकेदार करीरा, सुनील कुमार नंबरदार, सतीश आर्य, अतरलाल सहित हजारों नागरिक उपस्थित थे।